**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3053**
**21 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

# अमृत मिशन की स्थिति

**3053. श्री राहुल रमेश शेवालेः**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) मिशन के कार्यान्वयन की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) अमृत मिशन के अंतर्गत विभिन्न राज्यों विशेषकर ओडिशा और महाराष्ट्र में कुल कितनी राज्य वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई है, पूर्ण की गई है और प्रगति पर है;

(ग) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान ओडिशा और महाराष्ट्र में अमृत के अंतर्गत शुरू की गई विभिन्न जल और सीवर कनेक्शन परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थिति क्या है;

(घ) वर्ष 2023-24 के दौरान देश में विशेषकर ओडिशा और महाराष्ट्र में अमृत के अंतर्गत आधारित सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थिति क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र और ओडिशा में अमृत मिशन के अंतर्गत विगत तीन वर्षों के दौरान अब तक आबंटित, जारी की गई और व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) की संपूर्ण मिशन अवधि के लिए 77,640 करोड़ रूपये की राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) को मंजूरी दी है, जिसमें 35,990 करोड़ रूपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता भी शामिल है। अब तक, जैसा कि राज्यों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों ने 82,904 करोड़ रूपये लागत की 5,902 परियोजनाएं शुरु की है, जिनमें से 42,658 करोड़ रूपये लागत की 5,148 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 40,246 करोड़ रूपये

लागत की 754 परियोजनाओं के लिए संविदा की जा चुकी है एंव कार्य प्रगति पर है । विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया हैं। इसके अलावा, जैसा कि राज्यों द्वारा सूचित किया गया है, कुल मिलाकर लगभग 75,002 करोड़ रूपये लागत के कार्य वास्तविक रूप से पूरे हो चुके हैं और 67,655 करोड़ रूपये का व्यय किया जा चुका है।

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत, पूरे मिशन अवधि के लिए महाराष्ट्र राज्य का अनुमोदित एसएएपी आकार 7,759.32 करोड़ रूपये है जिसमें 3,534.80 करोड़ रूपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता शामिल है। इसी प्रकार, ओडिशा राज्य का अनुमोदित एसएएपी आकार 1,599 करोड़ रूपये है जिसमें 796.97 करोड़ रूपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता शामिल है ।

महाराष्ट्र सरकार ने 7,962 करोड़ रूपये लागत की 202 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 2,783 करोड़ रूपये लागत की 158 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, 6,836 करोड़ रूपये लागत के कुल कार्य वास्तविक रूप से पूरे हो चुके हैं और अब तक 6,486 करोड़ रूपये का कुल व्यय हो चुका है। पूर्ण परियोजनाओं में 1,678 करोड़ रूपये लागत की 20 जल आपूर्ति परियोजनाएं, 833 करोड़ रूपये लागत की 10 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं, 94 करोड़ रूपये लागत की एक जल निकासी परियोजना और 178 करोड़ रूपये लागत की 127 पार्क परियोजनाएं शामिल हैं। 5,179 करोड़ रूपये लागत की 44 परियोजनाएं चल रही हैं जिनमें 2,736 करोड़ रूपये लागत की 18 जल आपूर्ति परियोजनाएं, 2,443 करोड़ रूपये लागत की 25 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं और 1 करोड़ रूपये लागत की एक पार्क परियोजनाएं शामिल हैं।

ओडिशा सरकार ने 1,714 करोड़ रूपये लागत की 191 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 1,711 करोड़ रूपये लागत की 189 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, कुल 1,713 करोड़ के कार्य वास्तविक रूप से पूरे हो चुके हैं और अब तक 1,598 करोड़ रूपये का कुल व्यय हुआ है। पूर्ण परियोजनाओं में 1,536 करोड़ की करोड़ रूपये लागत की 130 जल आपूर्ति परियोजनाएं, 138 करोड़ रूपये लागत की 13 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं और 38 करोड़ रूपये लागत की 46 पार्क परियोजनाएं शामिल हैं। जारी परियोजनाओं में 3 करोड़ रूपये लागत की 2 पार्क परियोजनाएं शामिल हैं।

(ग): अमृत के तहत पिछले 3 वर्षों में अर्थात वित्त वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक, 2,472 करोड़ रूपये लागत की 70 जल आपूर्ति परियोजनाएं शुरु की हैं, जिनमें से 276 करोड़ रूपये लागत की 33 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 3,995 करोड़ रूपये लागत की 141 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की हैं जिनमें से 611 करोड़ रूपये लागत की 73 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। पिछले 3 वर्षों में अमृत के तहत जल आपूर्ति और सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

अमृत के तहत पिछले 3 वर्षों में महाराष्ट्र राज्य ने 173.27 करोड़ रूपये लागत की एक जल आपूर्ति परियोजना और 216 करोड़ रूपये लागत की 7 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की है। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, 8 परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं।

ओडिशा राज्य ने पिछले 3 वर्षों में अमृत के तहत कोई भी जल आपूर्ति और सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरु की नहीं है।

अमृत 2.0 (अक्टूबर 2021 में शुरू किया) के तहत पिछले 3 वर्षों में अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 से 2022-23 में शुरू होने के बाद से, 23,745 करोड़ रूपये लागत की 830 जल आपूर्ति परियोजनाएं शुरु की हैं, जिनमें से 219 करोड़ रूपये लागत की 18 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 8,087 करोड़ रूपये लागत की 163 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की हैं, जिनमें से 52 करोड़ रूपये लागत की 11 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। पिछले 3 वर्षों में अमृत 2.0 के तहत शुरु की जल आपूर्ति और सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति का ब्यौरा **अनुलग्नक -III** में दिया गया है।

महाराष्ट्र राज्य ने अमृत 2.0 के तहत पिछले 3 वर्षों में 3,842 करोड़ रूपये लागत की 29 जल आपूर्ति परियोजनाएं और 1,738 करोड़ रूपये लागत की 10 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की है। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, सभी परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं।

ओडिशा राज्य ने 1,822 करोड़ रूपये लागत की 89 जल आपूर्ति परियोजनाएं शुरु की है, जिनमें से 136 करोड़ रूपये लागत की 13 परियोजनाएं अब तक पूरी हो चुकी हैं। पिछले 3 वर्षों में अमृत 2.0 के तहत राज्य द्वारा कोई सीवरेज / सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरू नहीं की है।

(घ): चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में, अमृत के तहत केरल राज्य में 2.6 करोड़ रूपये लागत की एक सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरु की गई है।

इसके अलावा, चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में, अमृत 2.0 के तहत 5,803.95 करोड़ रूपये लागत की 81 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की गई हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमृत 2.0 के तहत शुरू की गई सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति का ब्यौरा अनुलग्नक **अनुलग्नक-IV** में दी गई है।

महाराष्ट्र में, चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमृत 2.0 के तहत 1,353.90 करोड़ रूपये लागत की 8 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरु की गई हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमृत 2.0 के तहत ओडिशा में कोई सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरु की गई नहीं है।

(ङ): अमृत के तहत, महाराष्ट्र और ओडिशा के संबंध में प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता क्रमशः 3,534.8 करोड़ रूपये और 796.97 करोड़ रूपये है। इसके अलावा, पिछले 3 वर्षों के दौरान

महाराष्ट्र और ओडिशा को जारी की गई निधियां और प्राप्त उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) का विवरण इस प्रकार है:

(आंकड़े करोड़ रूपये में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्तीय वर्षों के दौरान जारी की गई निधियां | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| | | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य |
| 1 | महाराष्ट्र | 1243.73 | 0.80 | 330.00 | 18.84 | - | 5.90 | - | 26.00 |
| 2 | ओडिशा | - | 13.08 | - | 1.32 | - | - | - | |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त यूसी | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| | | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य | परियोजनाएं | अन्य |
| 1 | महाराष्ट्र | 1239.48 | - | - | 2.09 | - | - | - | - |
| 2 | ओडिशा | - | 13.08 | | 0.48 | - | - | - | 0.03 |

" अमृत मिशन की स्थिति " के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3053 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक- ।

## अमृत परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदित एसएएपी आकार (करोड़ रूपये में) | शुरु की गई परियोजना | | कार्य पूर्ण | | जारी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत (करोड़ रूपये में) |
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 10.82 | 79 | 10.90 | 73 | 9.78 | 6 | 1.12 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2890.17 | 226 | 3333.76 | 117 | 1044.51 | 109 | 2289.25 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 140.25 | 11 | 129.81 | 9 | 76.31 | 2 | 53.50 |
| 4 | असम | 657.14 | 17 | 625.71 | 12 | 15.43 | 5 | 610.28 |
| 5 | बिहार | 2469.77 | 65 | 2575.72 | 33 | 409.19 | 32 | 2166.53 |
| 6 | चंडीगढ़ | 95.07 | 12 | 57.41 | 12 | 57.41 | | |
| 7 | छत्तीसगढ | 2192.76 | 293 | 2269.50 | 278 | 1762.55 | 15 | 506.95 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 10.82 | 2 | 41.45 | 1 | 41.28 | 1 | 0.17 |
| | दमन और दीव | 18.03 | 3 | 25.98 | 2 | 10.98 | 1 | 15.00 |
| 9 | दिल्ली | 802.31 | 26 | 674.77 | 18 | 381.09 | 8 | 293.68 |
| 10 | गोवा | 209.18 | 15 | 259.98 | 10 | 46.08 | 5 | 213.90 |
| 11 | गुजरात | 4884.42 | 453 | 5167.57 | 426 | 4781.25 | 27 | 386.32 |
| 12 | हरियाणा | 2565.74 | 136 | 2919.99 | 123 | 1621.61 | 13 | 1298.38 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 304.52 | 75 | 304.51 | 65 | 215.37 | 10 | 89.14 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 513.13 | 84 | 527.99 | 82 | 516.61 | 2 | 11.38 |
| 15 | झारखंड | 1245.74 | 59 | 1615.06 | 42 | 220.90 | 17 | 1394.16 |
| 16 | कर्नाटक | 4952.87 | 407 | 5118.95 | 376 | 3636.85 | 31 | 1482.10 |
| 17 | केरल | 2359.38 | 1017 | 2235.61 | 894 | 1314.47 | 123 | 921.14 |
| 18 | लद्दाख | 79.92 | 20 | 72.02 | 9 | 9.49 | 11 | 62.53 |
| 19 | लक्षद्वीप | 3.61 | 6 | 2.42 | 6 | 2.42 | | |
| 20 | मध्य प्रदेश | 6200.67 | 216 | 6765.91 | 197 | 4507.04 | 19 | 2258.87 |
| 21 | महाराष्ट्र | 7759.32 | 202 | 7962.46 | 158 | 2783.15 | 44 | 5179.31 |
| 22 | मणिपुर | 180.31 | 6 | 211.87 | 1 | 1.28 | 5 | 210.59 |
| 23 | मेघालय | 80.14 | 15 | 81.65 | 11 | 15.16 | 4 | 66.49 |
| 24 | मिजोरम | 140.25 | 16 | 140.25 | 14 | 130.58 | 2 | 9.67 |
| 25 | नागालैंड | 120.22 | 27 | 126.96 | 17 | 44.43 | 10 | 82.53 |
| 26 | ओडिशा | 1598.96 | 191 | 1714.42 | 189 | 1711.31 | 2 | 3.11 |
| 27 | पुदुचेरी | 64.91 | 23 | 64.10 | 19 | 40.90 | 4 | 23.20 |
| 28 | पंजाब | 2766.62 | 163 | 2761.02 | 123 | 1020.65 | 40 | 1740.37 |

| क्र.सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदित एसएएपी आकार (करोड़ रूपये में) | शुरु की गई परियोजना | | कार्य पूर्ण | | जारी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना लागत (करोड़ रूपये में) |
| 29 | राजस्थान | 3223.94 | 144 | 3548.32 | 111 | 1562.13 | 33 | 1986.19 |
| 30 | सिक्किम | 40.06 | 75 | 37.53 | 74 | 34.53 | 1 | 3.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 11194.78 | 445 | 13339.43 | 424 | 3392.33 | 21 | 9947.10 |
| 32 | तेलंगाना | 1666.26 | 66 | 1663.08 | 60 | 1543.69 | 6 | 119.39 |
| 33 | त्रिपुरा | 148.25 | 10 | 160.28 | 10 | 160.28 | | |
| 34 | उतर प्रदेश | 11421.67 | 673 | 11714.54 | 580 | 6728.55 | 93 | 4985.99 |
| 35 | उत्तराखंड | 593.02 | 151 | 592.97 | 127 | 383.54 | 24 | 209.43 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4035 | 473 | 4050.25 | 445 | 2425.34 | 28 | 1624.91 |
| कुल | | 77,640.02 | 5,902 | 82,904.15 | 5,148 | 42,658.47 | 754 | 40,245.68 |

**" अमृत मिशन की स्थिति " के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3053 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक- ॥**

## पिछले 3 वर्षों में अमृत के तहत शुरु की गई जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | जारी | | कार्य पूर्ण | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | 84.66 | | | 1 | 84.66 |
| 2 | असम | 1 | 7.13 | | | 1 | 7.13 |
| 3 | बिहार | 2 | 252.08 | | | 2 | 252.08 |
| 4 | गोवा | 2 | 96.37 | | | 2 | 96.37 |
| 5 | गुजरात | 3 | 32.01 | 7 | 115.13 | 10 | 147.14 |
| 6 | कर्नाटक | | | 1 | 8.63 | 1 | 8.63 |
| 7 | केरल | 8 | 196.93 | 1 | 0.12 | 9 | 197.05 |
| 8 | महाराष्ट्र | 1 | 173.27 | | | 1 | 173.27 |
| 9 | मेघालय | 3 | 13.76 | 2 | 8.94 | 5 | 22.7 |
| 10 | पुदुचेरी | 2 | 19.66 | | | 2 | 19.66 |
| 11 | पंजाब | 8 | 804.98 | 14 | 65.99 | 22 | 870.97 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | 2 | 122.74 | 8 | 76.85 | 10 | 199.59 |
| 13 | पश्चिम बंगाल | 4 | 392.6 | | | 4 | 392.6 |
| कुल | | 37 | 2196.19 | 33 | 275.66 | 70 | 2471.85 |

## पिछले 3 वर्षों में अमृत के तहत शुरु की गई सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | जारी | | कार्य पूर्ण | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) | परियोजना की संख्या | परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में) |
| 1 | छत्तीसगढ | | | 3 | 6.73 | 3 | 6.73 |
| 2 | दिल्ली | 2 | 125.57 | | | 2 | 125.57 |
| 3 | गोवा | 2 | 108.81 | | | 2 | 108.81 |
| 4 | गुजरात | 4 | 80.17 | 6 | 65.85 | 10 | 146.02 |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 1 | 1.28 | 2 | 17.65 | 3 | 18.93 |
| 6 | कर्नाटक | | | 2 | 7.2 | 2 | 7.2 |
| 7 | केरल | 18 | 134.33 | 8 | 10.12 | 26 | 144.45 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 5 | 591.46 | | | 5 | 591.46 |
| 9 | महाराष्ट्र | 7 | 215.73 | | | 7 | 215.73 |
| 10 | मेघालय | 1 | 52.73 | | | 1 | 52.73 |
| 11 | नागालैंड | 1 | 5.5 | | | 1 | 5.5 |
| 12 | पंजाब | 11 | 704.41 | 20 | 206.61 | 31 | 911.02 |
| 13 | राजस्थान | 2 | 133.35 | | | 2 | 133.35 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | 11 | 1206.51 | 32 | 296.41 | 43 | 1502.92 |
| 15 | उत्तराखंड | 3 | 24.86 | | | 3 | 24.86 |
| कुल | | 68 | 3384.71 | 73 | 610.57 | 141 | 3995.28 |

**" अमृत मिशन की स्थिति " के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3053 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक- III**

**पिछले 3 वर्षों में अमृत 2.0 के तहत शुरु की गई जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूर्ण परियोजनाएं | | जारी | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सं. | लागत | सं. | लागत | सं. | लागत |
| 1 | आंध्र प्रदेश | | | 84 | 423.32 | 84 | 423.32 |
| 2 | असम | | | 3 | 108.34 | 3 | 108.34 |
| 3 | छत्तीसगढ | | | 8 | 451.46 | 8 | 451.46 |
| 4 | गुजरात | 5 | 83.25 | 122 | 3,129.94 | 127 | 3,213.18 |
| 5 | हरियाणा | | | 17 | 157.90 | 17 | 157.90 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | | | 7 | 101.66 | 7 | 101.66 |
| 7 | झारखंड | | | 2 | 644.11 | 2 | 644.11 |
| 8 | कर्नाटक | | | 38 | 1,397.89 | 38 | 1,397.89 |
| 9 | केरल | | | 95 | 551.95 | 95 | 551.95 |
| 10 | मध्य प्रदेश | | | 29 | 479.29 | 29 | 479.29 |
| 11 | महाराष्ट्र | | | 29 | 3,841.90 | 29 | 3,841.90 |
| 12 | मेघालय | | | 1 | 121.00 | 1 | 121.00 |
| 13 | ओडिशा | 13 | 135.56 | 76 | 1,686.08 | 89 | 1,821.64 |
| 14 | पुदुचेरी | | | 4 | 52.36 | 4 | 52.36 |
| 15 | सिक्किम | | | 4 | 6.41 | 4 | 6.41 |
| 16 | तमिलनाडु | | | 140 | 4,279.18 | 140 | 4,279.18 |
| 17 | त्रिपुरा | | | 9 | 117.87 | 9 | 117.87 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | | | 71 | 4,889.45 | 71 | 4,889.45 |
| 19 | उत्तराखंड | | | 7 | 95.27 | 7 | 95.27 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | | | 66 | 990.62 | 66 | 990.62 |
| **कुल योग** | | **18** | **218.81** | **812** | **23,525.99** | **830** | **23,744.80** |

## पिछले 3 वर्षों में अमृत 2.0 के तहत शुरु की गई सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूर्ण परियोजनाएं | | जारी | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सं. | लागत | सं. | लागत | सं. | लागत |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8 | 46.83 | 28 | 184.19 | 36 | 231.02 |
| 2 | चंडीगढ़ | | | 1 | 1.54 | 1 | 1.54 |
| 3 | दिल्ली | | | 4 | 306.96 | 4 | 306.96 |
| 4 | गुजरात | 3 | 5.19 | 48 | 1,379.50 | 51 | 1,384.69 |
| 5 | हरियाणा | | | 3 | 26.15 | 3 | 26.15 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | | | 1 | 3.10 | 1 | 3.10 |
| 7 | केरल | | | 19 | 14.62 | 19 | 14.62 |
| 8 | महाराष्ट्र | | | 10 | 1,737.96 | 10 | 1,737.96 |
| 9 | पुदुचेरी | | | 3 | 87.42 | 3 | 87.42 |
| 10 | राजस्थान | | | 21 | 2,049.84 | 21 | 2,049.84 |
| 11 | तमिलनाडु | | | 10 | 1,330.64 | 10 | 1,330.64 |
| 12 | उतर प्रदेश | | | 3 | 828.12 | 3 | 828.12 |
| 13 | पश्चिम बंगाल | | | 1 | 84.94 | 1 | 84.94 |
| **कुल योग** | | **11** | **52.02** | **152** | **8,034.98** | **163** | **8,087.00** |

**" अमृत मिशन की स्थिति " के संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3053 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**-IV

**चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमृत 2.0 के तहत शुरु की सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं की स्थिति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सं. | लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ | 1 | 1.54 |
| 2 | दिल्ली | 3 | 1.13 |
| 3 | गुजरात | 26 | 993.07 |
| 4 | हरियाणा | 3 | 26.15 |
| 5 | केरल | 13 | 11.80 |
| 6 | महाराष्ट्र | 8 | 1,353.90 |
| 7 | पुदुचेरी | 3 | 87.42 |
| 8 | राजस्थान | 15 | 1,503.90 |
| 9 | तमिलनाडु | 6 | 996.91 |
| 10 | उत्तर प्रदेश | 3 | 828.12 |
| कुल योग | | 81 | 5,803.95 |

******